प्रधानमंत्री ने हरियाणा में द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया

चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **द्वारका एक्सप्रेसवे के पहले 8-लेन खंड** के हरियाणा खंड का उद्घाटन किया।

मुख्य बिंदु:

- 4,100 करोड़ रुपए की लागत से पूरा हुआ यह नवनिर्मित 19 किमी. लंबा हिस्सा,**राष्ट्रीय राजमार्ग (NH)- 48 पर यातायात प्रवाह को बढ़ाने तथा भीड़भाड़ को कम करने के लिये डिज़ाइन किया गया है, जो दिल्ली और गुरुग्राम के बीच सुगम कनेक्टिविटी प्रदान करता है।**
  - उद्घाटन खंड में दिल्ली-हरियाणा सीमा से बसई रेल-ओवर-ब्रिज (ROB) तक 10.2 किमी. की दूरी और बसई ROB से खेड़की दौला तक 8.7 किमी. का अतिरिक्त खंड शामिल है।
- यह सड़क **मार्ग दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (IGI) हवाई अड्डे और गुरुग्राम बाईपास के बीच सीधा लिंक स्थापित करता है।**
- द्वारका एक्सप्रेसवे के बारे में मुख्य बातें:
  - 9,000 करोड़ रुपए के बजट से डिज़ाइन किया गया द्वारका एक्सप्रेसवे **चार भागों** में विभाजित है।
  - गुरुग्राम में तीसरा और चौथा खंड है, जो लगभग 19 किमी. को कवर करता है, जबकि पहले दो खंड, कुल 10 किमी. दिल्ली में स्थित हैं।
  - यह पूरी तरह से एक्सेस-नियंत्रित ग्रेड-पृथक **14-लेन एक्सप्रेसवे** के रूप में खड़ा है, जो देश में एक अग्रणी पहल का प्रतीक है।
  - भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अनुसार पूरी परियोजना **अगस्त 2024 तक समाप्त होने वाली है।**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI)

- NHAI की स्थापना **NHAI अधिनियम, 1988** के तहत की गई थी। यह सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में है।
- इसे राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना (NHDP) के साथ-साथ विकास, रखरखाव और प्रबंधन के लिये अन्य छोटी परियोजनाओं को सौंपा गया है।
  - राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना (NHDP) भारत में प्रमुख राजमार्गों को उच्च स्तर पर उन्नत, पुनर्व्यवस्थित और चौड़ा करने की एक परियोजना है। **यह परियोजना वर्ष 1998 में शुरू की गई थी।**
- NHAI का प्रमुख दृष्टिकोण वैश्विक मानकों के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की व्यवस्था एवं अनुरक्षण के लिये राष्ट्र की आवश्यकता तथा भारत सरकार द्वारा निर्धारित महत्त्वपूर्ण नीतिगत ढाँचे के अंतर्गत अत्यंत समयबद्ध व लागत प्रभावी तरीके से प्रयोक्तता की आशाओं को पूरा करना और इस तरह लोगों की आर्थिक समृद्धि एवं उनके जीवन स्तर को उन्नत करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-inaugurates-dwarka-expressway-in-haryana